भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.07.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1991 का उत्तर

रेलगाड़ी सं॰ 22221/22222 के फेरे

1991. डॉ॰ भारती प्रवीण पवारः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रेलवे की मुंबई (सीएसएमटी) से हजरत निज़ामुद्दीन रेलगाड़ी संख्या 22221/22222 को पूरे सप्ताह चलाने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) लोकमान्य तिलक टर्मिनस से हरिद्वार जंक्शन तक चलने वाली रेलगाड़ी संख्या 12171/12172 में अब तक रसोई यान नहीं होने के कारण किन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): जी नहीं। इस समय, 22221/22222 हज़रत निजामुद्दीन-छत्रपति शिवाजी महाराज (ट) राजधानी एक्सप्रेस गाड़ी के फेरों को सप्ताह में दो दिन से बढ़ाकर प्रतिदिन करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ख): गाड़ियों और स्टेशनों पर यात्रियों को खान-पान सेवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करना भारतीय रेल का सतत् प्रयास रहता है। गाड़ी सं. 12171/12172 लोकमान्य तिलक (ट)-हरिद्वार एक्सप्रेस के यात्री मार्गवर्ती स्टेशन पर स्थैतिक खान-पान इकाइयों और ई-कैटरिंग सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, प्लेटफार्म वेंडरों को यात्रियों के लिए खान-पान सेवाएं मुहैया कराने की अनुमति भी दी गई है।

******

Sk